सन्मार्ग

Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

पटना मेट्रो रेल परियोजना का तेज गति से करें क्रियान्वयन : डीएम

परियोजना की सभी समस्याओं का पूर्व में ही कर दिया गया है समाधान

पटना मेट्रो रेल परियोजना से नागरिकों को लोक परिवहन की उत्तम सुविधा प्राप्त होगी

पटना/संवाददाता। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने पटना मेट्रो रेल परियोजना का त्वरित गति से क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया है। वे मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में परियोजना में प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। इस बैठक में पटना मेट्रो निर्माण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। डीएम ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना में प्रगति काफी अच्छी है। सभी व्यवधान को दूर कर दिया गया है। कभी-कभी जो छोटे-छोटे मुद्दे आते हैं उसे संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सजगतापूर्वक दूर कर रहे हैं। बैठक में पटना मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन के लिए भू-अर्जन, भू-हस्तांतरण एवं अन्यान्य मामलों की समीक्षा की गयी तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया गया। मौजा पहाड़ी एवं रानीपुर, न्यू आईएसबीटी, जगनपुरा, रामकृष्णा नगर, मीठापुर बायोडक्ट, आकाशवाणी, गांधी मैदान, पीएमसीएच, पटना यूनिवर्सिटी, मोइनुलहक स्टेशन, राजेन्द्र नगर स्टेशन, डिपो साइट, खेमनीचक, भूतनाथ, पटना मेट्रो यार्ड, राजाबाजार, पटना जंक्शन, रूकनपुरा, पटना जू सहित विभिन्न मेट्रो कार्य में प्रगति का जायजा लिया गया। डीएम ने कहा कि भू-अर्जन एवं भू-हस्तांतरण का कोई भी मामला लंबित नहीं है। भू-अर्जन के मामलों में कोई बाधा नहीं है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को रैयतों के मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

मेट्रो टनल में वाहन का ब्रेक फेल होने से हुई दुर्घटना, दो लोगों की मौत

पटना/संचाददाता। पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन से प्राप्त सूचना के अनुसार सोमवार रात लगभग 10 बजे पटना विश्वविद्यालय और पीएमसीएच के बीच मेट्रो टनल में एक लोकोमोटर वाहन के ब्रेक फेल होने के कारण हुई दुर्घटना में 1 चालक और 1 श्रमिक की मृत्यु हो गयी। वे ओडिशा के रहने वाले थे। 6 घायल हैं। उनका इलाज मेडिवर्सल अस्पताल में चल रहा है। एक घायल आईसीयू में हैं। उनकी हालत गंभीर है। बाकी सभी लोग खतरे से बाहर हैं। कंपनी नियमानुसार मुआवजा देगी। डीएम ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए त्वरित संज्ञान लेकर पूरी घटना की जांच करने, सुरक्षा नियमों को सुनिश्चित करने तथा भविष्य में इस तरह की घटना से बचने के लिए सुझाव देने के लिए त्रि-सदस्यीय समिति का गठन किया है। इस समिति में अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था, श्रम अधीक्षक एवं कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी, यांत्रिक हैं।

हादसे में दो सरकारी शिक्षकों की मौत

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। जिले में सड़क हादसे में दो शिक्षकों की मौत हो गयी। घटना बाढ़ अनुमंडल के मोकामा थाना अंतर्गत मोर गांव के सामने मोकामा-बख्तियारपुर फोरलेन की है, जहां बाइक पर सवार शिक्षक राजेश कुमार और देवनंदन यादव को तेज रफ्तार इनोवा ने टक्कर मार दी। दोनों शिक्षक बाइक से पंडारक प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय ग्वाशा शेखपुरा और हाफिजपुर करमौर प्राथमिक विद्यालय जा रहे थे। हादसे में दोनों शिक्षकों की मौके पर ही मौत हो गयी। इनोवा कार के भी परखच्चे उड़ गए।

CHANGE OF NAME

I, Pawan Rajak S/O Mangal Rajak, R/o Bari Dhankar, Post Bishanpur, Jichho, Bhagalpur, Sabour, Bihar-813210, have changed my name and shall hereafter be Known as Aniket Anand.

CHANGE OF NAME

I, Ajitesh S/O Jitendra Prasad, R/o Saketpuri, Road No-5, Hanuman Nagar, Near Manas Mandir, Kankarbagh, Patna, Bihar- 800026, have changed my name and shall hereafter be Known as Ajitesh Kashyap.

सीबीआई ने घूसखोरी मामले में तत्कालीन प्रधान आयकर आयुक्त पर किया आरोपपत्र दायर

पटना/संवाददाता। सीबीआई ने 10 लाख रुपये की घूसखोरी से संबंधित मामले में तत्कालीन प्रधान आयकर आयुक्त, पटना एवं चार निजी व्यक्तियों सहित 05 आरोपियों के विरुद्ध 25 अक्टूबर को आरोप पत्र दायर किया। संज्ञेय अपराध के खुलासे की सूचना के आधार पर, सीबीआई ने 26 अगस्त को एक मामला दर्ज किया, जिसमें आरोप है कि आरोपी, अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले आयकर के विभिन्न करदाताओं से अवैध रिश्वत की मांग कर रहा था एवं अपने पद का दुरुपयोग करके उन्हें अनुचित लाभ पहुंचा रहा था। यह भी आरोप है कि तत्कालीन प्रधान आयकर आयुक्त (पटना एवं धनबाद) की ओर से कई लोग मध्यस्थ्य का कार्य कर रहे थे।

जीपीओ में धन्वंतरी जयंती

पटना/का.सं। धन्वंतरी जयंती के शुभ अवसर पर डाक चिकित्सा केंद्र खुलने के बाद पहली बार बिहार डाक परिमंडल द्वारा पटना जीपीओ के सभागार में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर चीफ पोस्टमास्टर जनरल अनिल कुमार ने सभागार में बताया कि वे हिंदू धर्म में दें‍ों के चिकित्सक हैं। उन्हें विष्णु का अवतार माना जाता है। पुराणों में उनका उल्लेख आयुर्वेद के देवता के रूप में किया गया है। कार्यक्रम का आरम्भ पटना जीपीओ के मुख्य डाकपाल, रंजय कुमार सिंह द्वारा मुख्य अतिथि,पवन कुमार, डाक निदेशक, आयुर्वेद चिकित्सक, मिथिलेश पाठक एवं अन्य सम्मानित अतिथिगण को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

दूबे क्लिनिक में धन्वंतरी जयंती

पटना/संवाददाता। लंगर टोली स्थित दूबे क्लिनिक में मंगलवार को भगवान धन्वंतरी जयंती का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के बाद आयुर्वेदाचार्य, समाजसेवी एवं लंगरटोली स्थित दूबे क्लिनिक के निदेशक डॉ सुनील कुमार दूबे ने कहा कि धनतेरस के शुभ अवसर पर भगवान धन्वंतरी की पूजा की जाती है। भगवान धन्वंतरी को आयुर्वेद का जनक कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान धन्वंतरी समुद्र मंथन के समय प्रकट हुये थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार उन्हें भगवान विष्णु का अवतार भी माना जाता है। धन्वंतरी जयंती के अवसर पर दूबे क्लिनिक को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। डॉ दूबे एवं उनकी पत्नी समाजसेविका उषा दूबे ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं समस्त विश्व के लोगों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ दूबे के अतिरिक्त उनकी पत्नी उषा दूबे, पुत्र डॉ साजन दूबे, सागर दूबे, पुत्री शालू सुनील दूबे, साहिल दूबे, राज दूबे, संजय तिवारी, पवन पांडेय, अंजन कुमार, रोहित कुमार, लाल बाबू पासवान, काजू, संजीव कुमार, समेत सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक मौजूद थे।

ओपन माइंड ए बिरला स्कूल ने जीते तीन कांस्य पदक

पटना/का.सं। गिरिडीह के बनहत्ती स्थित सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में पिछले दिनों सीबीएसई की ओर से आयोजित नेशनल जूडो चैंपियनशिप में ओपन माइंड ए बिरला स्कूल, दानापुर के छात्र व छात्राओं ने 3 कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल की अराध्या शर्मा (कक्षा-2 बी), सोहम कुमार (कक्षा 6 डी) और श्वेतांक (9 बी) ने अलग-अलग वेट कैटेगरी में कांस्य पदक अपने नाम किया। स्कूल के पदक विजेता छात्र व छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए स्कूल के निदेशक अमन कुमार और प्राचार्य पलजिंदर सिंह पॉल ने कहा कि पदक विजेता छात्र व छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।

आयकर असिस्टेंट पर ड्राइवर ने सिलसिलेवार तलवार से किया हमला

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। राजधानी स्थित आयकर भवन में टैक्स असिस्टेंट प्रमोद कुमार पर जानलेवा हमला हुआ। आयकर कार्यालय अधीक्षक के ड्राइवर सुमन ठाकुर ने तलवार से हमला कर उनकी उंगुली काट दी। गर्दन पर भी वार किया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिस तलवार से हमला किया गया था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स कार्यालय में आज ज्ञान कक्ष का उद्घाटन समारोह था। इस कार्यक्रम में वरीय अधिकारी भी पहुंचे थे। इसी दौरान चालक तलवार लेकर पहुंचा और जय महाकाल बोलते हुए हमला कर दिया। पीड़ित आयकर असिस्टेंट प्रमोद कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे समारोह के दौरान चालक हाथ में तलवार लेकर पहुंचा था।

अंतर्राज्यीय हथियार तस्कार गिरफ्तार, भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र बरामद

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। एसटीएफ की विशेष टीम और औरंगाबाद पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो अंतर्राज्यीय हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर सालिक कुमार सिंह और उत्तम कुमार दोनों औरंगाबाद जिले का रहने वाला है। इसके पास से 12 बोर का जिंदा कारतूस 260, .32 बोर का जिंदा कारतूस 500, .315 बोर का जिंदा कारतूस 60, फर्जी मोहर 1, नगद 7350 और आधार कार्ड 1 बरामद हुआ है। इन अपराधियों द्वारा फर्जी मोहर बनाकर लाइसेंसी आर्म्स दुकान ओंमकार गन हाउस प्रयागराज उत्तर प्रदेश से कारतूस खरीदा गया था। इनके द्वारा अपराधियों को कारतूस सप्लाई किया जाता था। गिरफ्तार अपराधकर्मी उत्तम कुमार विरुद्ध औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना में पूर्व से आर्म्स एक्ट कांड दर्ज है।

एसबीआई में सतर्कता जागरुकता सप्ताह

पटना/संवाददाता। भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल द्वारा सम्पूर्ण बिहार एवं झारखंड के सभी कार्यालयों एवं शाखाओं में सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अलग-अलग कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रमों जैसे मानव श्रृंखला, ग्राम सभा, विद्यालयों में पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता, क्विज, वेंडर मीट, किसान सभा आदि का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल केवि बंगारराजु ने स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी तथा साइबर अपराध नियंत्रण एवं उपाय पर एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रधान कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक के अतिरिक्त रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार), आर नटराजन, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार), प्रभास बोस, महाप्रबंधक (झारखंड), आशुतोष श्रीवास्तव, उपमहाप्रबंधक, सतर्कता विभाग, पटना मण्डल एवं सभी विभागों के उपमहाप्रबंधक उपस्थित थे।

घाटों पर होगी पार्किंग की पर्याप्त सुविधा : नवीन

पटना/का.सं। नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान कंगन घाट, खाजेकलां घाट और भद्र घाट पर उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर, पटना मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी और पटना आयुक्त अनिमेष पराशर मौजूद रहे। वहीं, कृष्णा घाट और एलसीटी घाट पर विधायक अरुण सिन्हा और दीघा घाट पर दीघा विधायक संजीव चौरसिया भी निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान तैयारियों का जायजा लेते हुए मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि हम बिहारियों के लिए छठ पर्व हमारा स्वाभिमान हैं। इसलिए इस साल हमने छठ पूजा के दौरान व्रतियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए कई अहम निर्देश दिये है। इसमें सभी घाटों पर बेरिकेडिंग, शौचालय, चेंजिंग रूम, स्ट्रीट लाइट, वॉच टॉवर, समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पटना के 109 प्रमुख घाटों पर संबंधित पदाधिकारियों को स्थिति अनुसार जल्द आवश्यक कार्य पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने दरभंगा हाउस से गायघाट तक छठ घाटों का किया पैदल निरीक्षण

पटना/संवाददाता। डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, एसएसपी राजीव मिश्रा तथा नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर द्वारा आज वरीय पदाधिकारियों के साथ छठ महापर्व, 2024 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए घाटों का पैदल निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा दरभंगा हाउस (कालीघाट) से गायघाट तक सभी छोटे-बड़े घाटों का एक-एक कर निरीक्षण किया गया। घाटों पर संबंधित सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। प्रातः 6.45 बजे दरभंगा हाउस (कालीघाट) से प्रारंभ कर गायघाट तक लगभग नौ किलोमीटर तीन घंटा तक करीब 36 छोटे एवं बड़े घाटों का अधिकारियों ने एक-एक कर पैदल भ्रमण किया तथा गंगा का जल-स्तर, घाटों की भौगोलिक स्थिति, घाट निर्माण, एप्रोच रोड, साफ-सफाई, सुरक्षा-व्यवस्था, भीड़-प्रबंधन, यातायात प्रबंधन सहित सभी बिन्दुओं पर तैयारियों एवं योजनाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों से "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। i) **निविदा संख्या एवं दिनांक :** GEM/2024/B/5543761, दिनांक : 25.10.2024, ii) **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद रेलवे कॉलोनियों की सफाई चार साल (यानि 1460 दिन) की अवधि के लिए।, **कार्य समापन अवधि :** 4 वर्ष, iii) **कार्य की अनुमानित लागत :** रू. 2,08,01,467.52 (दो करोड़ आठ लाख एक हजार चार सौ सड़सठ रूपये और बावन पैसे) मात्र।, iv) **बयाना राशि :** रू. 2,54,100.00 (दो लाख चौवन हजार एक सौ रूपये) मात्र।, v) **ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय :** तारीख 15.11.2024 को 16:00 बजे।, **ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** तारीख 15.11.2024 को 16:30 बजे।, vi) **वेबसाइट विवरण :** https://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

ए.एम.इ. (समाडी– I I)/धनबाद

पीआर/01405/डीएचएन/यां./टी/24–25/32

पूर्व मध्य रेल

ऑन लाईन ई–निविदा (खुली) सूचना

निविदा आमंत्रित सूचना संख्या ईएल/50/दानापुर/खुली/32/ 2024–25

मंडल रेल प्रबंधक पूर्व मध्य रेल दानापुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से दानापुर मंडल में उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत लाइसेंस जो राज्य / केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई – निविदा (खुली) निविदा आमंत्रित करते हैं ।

निविदा संख्या ईएल/50/ दानापुर/खुली / 32 / 2024–25

क्रम सं० 1 कार्य का नाम : अमृत भारत के कारण लोड में वृद्धि को पूरा करने के लिए बीआरएच, आरजीडी, जेएचडी और डीएलएन स्टेशनों पर 11/0.415 केवी विद्युत आपूर्ति प्रणाली का विस्तार।, **क्रम सं० 2 अनुमानित लागत :** रू. 34,29,915/–, **क्रम सं० 3 अग्रधन राशि :** रू. 68,600/–, **क्रम सं० 4 निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :** 19.11. 2024 को 12.00 बजे तक निर्धारित है । **क्रम सं० 5** उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालय : क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/सा०/का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर । **नोट : (1)** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। **(2)** यदि जरुरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०), पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/01406/डीएनआर/ईजीईएन/टी/24–25/48

जवानों ने की पिंक परेड, कैंसर सुरक्षा का दिया संदेश

पटना/कार्यालय प्रतिनिधि। पूरे विश्व में अक्टूबर माह में मनाया जाने वाला 'पिंक मंथ ब्रेस्ट' कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करता है। इसी क्रम में बिहार रेजीमेंट सेंटर दानापुर के कलिंगा मैदान में जागरुकता के लिए पिंक परेड का आयोजन किया गया। गुलमोहर मैत्री द्वारा आयोजित सब एरिया हेडक्वार्टर बिहार एवं झारखंड के तत्वावधान में एवं बिहार रेजिमेंटल सेंटर के सहयोग से पिंक परेड का शुभारंभ एफडब्ल्यूओ सब एरिया बिहार झारखंड की अध्यक्ष मोनीटा भारद्वाज के द्वारा किया गया। गुलाबी पताके, बच्चों की ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरुकता के लिए बनी पेटिंग और स्लोगन ने मौजूद लोगों को आकर्षित किया। पिंक परेड में बिहार रेजीमेंट सेंटर के जवान, सशस्त्र सीमा बल के जवान के साथ पटना के कई स्कूल के बच्चे शामिल हुए । पिंक परेड का नेतृत्व सशस्त्र सीमा बल के बैंड ने किया। मोनीटा भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए हमारे समाज में बच्चे से बेहतर ब्रांड एंबेसडर नहीं हो सकते। सैनिक हमारे देश की हिफाजत करते है और हमारा कर्तव्य है कि हमारे समाज की महिलाएं स्वस्थ हो इसके लिए एकजुट होकर कैंसर जागरुकता अभियान चलाए। कार्यक्रम की संयोजक गुलमोहर मैत्री की सचिव मंजू सिन्हा ने कहा कि पिंक परेड का उद्देश्य स्कूली बच्चे और सैनिकों के माध्यम से समाज को कैंसर सुरक्षा के लिए संदेश देना है। अब तक हमारे संस्था के विभिन्न परियोजना के माध्यम से लाखों लोगों को जागरूक कर चुके है और हजारों बच्चियों को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। टीवी कलाकार सागर पारेख इस अवसर पर मौजूद थे। उन्होंने बिहार में हो रहे पिंक परेड कार्यक्रम की सराहना करते हुआ कहा कि समाज में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता के लिए इससे बड़ा माध्यम नहीं हो सकता है। पिंक परेड कार्यक्रम में बेस्ट पेंटिंग और स्लोगन ने लिए सभी स्कूल के तीन तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सब एरिया बिहार झारखंड , बिहार रेजीमेंट सेंटर के वरिष्ठ अधिकारी के अलावा, पद्म विमल जैन, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सहजानंद प्रसाद सिंह, वीणा गुप्ता, डॉ बिन्दा सिंह, डॉ अभिषेक आनंद, डॉ पूनम चौधरी , प्रोफेसर आशा त्रिपाठी समीर परिमल ,यूनिसेफ के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे ।

धनतेरस : पटना में 500 करोड़ का हुआ कारोबार

3000 से ज्यादा फोर व्हीलर हुए बुक

पटना/का.सं। धनतेरस और दीपावली पर पटना में 2700 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की बात कही जा रही है। पिछले साल पटना में करीब 2200 करोड़ का कारोबार हुआ था। जिसमें सबसे अधिक सोना-चांदी का व्यवसाय हुआ था। 500 करोड़ रुपए के सोना-चांदी के आभूषण ही बिके थे। इस साल भी रात 11 बजे तक 750-800 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया है। पटना में 8000 से अधिक टू व्हीलर की बुकिंग हुई। वहीं, पटना में इस साल 3000 से अधिक फोर व्हीलर की बुकिंग हुई थी। हालांकि, अभी तक मात्र 1800 से 2000 गाड़ियों की डिलीवरी की गई है। प्रकाश टोयोटा के मार्केटिंग मैनेजर रवि रंजन ने बताया कि इस धनतेरस पर पूर्णिया में ढाई करोड़ की लैंड क्रूजर की बुकिंग की गयी है। साथ ही, धनतेरस पर टोयोटा की 20 गाड़ियों की डिलीवरी की जा चुकी है। मोबाइल कारोबारी प्रवीण आनंद ने बताया कि मोबाइल और लैपटॉप पर भी कंपनियां छूट दे रही है। इस स्थिति में इस साल 150 करोड़ से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। पिछले साल 120 से 130 करोड़ का मोबाइल और लैपटॉप की बिक्री हुई थी। उन्होंने बताया, 'इलेक्ट्रॉनिक बाजार में 30 फीसदी से अधिक का उछाल देखने को मिल रहा है। पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक प्री बुकिंग हो रही है। स्वर्णकार समाज के नेता अरुण वर्मा ने बताया कि इस साल सोना के मूल्य में 15 फीसदी वृद्धि हुई है। इसके कारण बाजार अभी नॉर्मल है। हालांकि, प्री बुकिंग हो रहा है। अगर पिछले साल जितना भी बाजार होता है तो लगभग 600-700 करोड़ से अधिक का व्यवसाय होने की संभावना है। पटना में धनतेरस पर सराफा बाजार में काफी उछाल आया है। गोल्ड के रेट में वृद्धि होने के बाद भी लोग ज्वेलरी और कॉइन खरीद रहे हैं। पिछले साल के आंकड़ा 500 करोड़ को पार कर लिया है। अभी तक 500 से ज्यादा गोल्ड और चांदी की बिक्री हो चुकी है। 750-800 करोड़ के कारोबार की संभावना है।

OMKARA Assets Reconstruction Private Limited

ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

CIN: U67100TZ2014PTC020363

कॉरपोरेट कार्यालयः कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन. सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक, दादर (वेस्ट), मुंबई-400028

ईमेलः rajesh.jumani@omkaraarc.com/zuber.khan@omkaraarc.com अधिकृत अधिकारी मो. नं.: +918657969231/+918657969233

[अनुलग्नक-IV-ए]
(नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के प्रावधान देखें)

अचल सम्पत्ति की ई-नीलामी बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) के प्रावधानों के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आमतौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटीदाताओं को सूचित किया जाता है कि प्रत्याभूत ऋणदाता के पास गिरी पर रखी/प्रभारित नीचे उल्लेखित अचल संपत्तियों पर ओमकारा एसेट्स रिकंट्रक्शन प्रा. लि. (एआरपीएल) (ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट की क्षमता में कार्यरत) के अधिकृत अधिकारी ने भौरिक कम्ता कर लिया है, जिसने इंडसइंड बैंक लि. (नियोजक बैंक) से दिनांक 30.09.2021 की सुपुर्दगी अनुबंध के मार्फत नीचे उल्लेखित खातों के सम्पूर्ण बकाया ऋण के साथ नियोजक बैंक से अंतर्निहित जमानत को अधिकृत कर लिया है। फलस्वरूप, ओएआरपीएल ने नियोजक बैंक से अधिकार हासिल कर लिया है एवं बकाया रकम की बहुली जया प्रतिभूति को जब्द करने का भी अधिकार प्राप्त कर लिया है। ओएआरपीएल के अधिकृत अधिकारी ने कर्जदार/गिरवीदाता/ सह-कर्जदार से नीचे उल्लेखित प्रत्याभूत सम्पत्ति का भौतिक कब्जे पर अधिक्षण कर लिया है। ओएआरपीएल के अधिकृत अधिकारी बकाया रकम की वसुली के लिए नीचे उल्लेखित प्रत्याभूत संपत्तियों की बिक्री करना चाहते हैं तथा अतएवं प्रत्याभुत सम्पत्तियों की खरीद के लिए मुहरबंद लिफाफे में में निविदाएं/बोलियां आमंत्रित की गई है। नीचे उल्लेखित संबंधित कर्जदारों तथा सह-कर्जदारों से प्रत्याभुत ऋणदाता के रूप में औरवारपीएल के प्रति संबंधित कॉलम में उलेखित बकाया रकम की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) एवं 13(4) के प्रावधानों के अधीन अधिकारी तथा अकियों का प्रयोग कर सम्पादियों की जैसे है जहां है. जैसे है जी है तथा यहाँ जो कुछ है तथा बिना किसी दायित्व के आधार पर विक्री किया जाएगा। कर्जदारों/ गारंटीदाताओं/गिरवीदाताओं प्रतिभूतियों स्वात्वाधिकारी, बकाया रकम, धारा 13(2) के अधीन माग सूबना की तारीख, कब्जा की तारीख, आरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि रकम, बयाना रात्रि जमा (ईएमडी), निरीक्षण की तारीख एवं समय का विवरण नीचे उल्लेखित है:

क्र. सं.	कर्जदारों/गारंटीदाताओं/ गिरवीदाताओं के नाम	प्रत्याभूत सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति का स्वत्वाधिकारी	25.10.2024 तक बकाया रकम (रु. में)	मांग सूचना की तारीख	भौतिक कब्जा की तारीख	आरक्षित मूल्य (रु. में)	बोली वृद्धि रकम (रु. में)	ईएमडी (रु. में)	निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	1. **मेसर्स श्री साई पाटलिपुत्र इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड** (कर्जदार) 2. **बिक्रमादित्य पांडे** (डायरेक्टर /गारंटर) 3. **संतोष सिंह** (डायरेक्टर /गारंटर) 4. **पंकज कुमार** (डायरेक्टर/गारंटर) 5. **मनिता कुमारी** (गारंटर)	संपत्ति का वह सम्पूर्ण एवं सर्वांगीण हिस्सा जो बिल्डिंग, जिसे साई प्रकाश एन्क्लेव के नाम से जाना जाता है, की तीसरी मंजिल पर आवासीय फ्लैट नंबर 302 है,, जिसमें सुपर बिल्ट अप एरिया 975 वर्ग फीट है,साथ में फ्लैट नंबर 302 के लिए एक आरक्षित कार पार्किंग स्थान ग्राउंड फ्लोर पर (साथ में जमीन में आनुपातिक हिस्सा) मौजा मैनपुरा, मोहल्ला पटेल नगर साहदेव पथ, पीएस शास्त्री नगर थाना नं. 02. सीएस प्लाट नं. 1300 और 1301. खाता नं. 708 और 718, तौजी नं. 5563, वार्ड नं. 34/4/8, सर्किल नं. 267. होल्डिंग नं. 141A/302 वाली सब रजिस्ट्री-पटना सदर, जिला पटना में स्थित भूमि पर निर्मित और निर्मित, और बटाई एवं सीमाबद्ध है : उत्तर में : अपार्टमेंट का पास की सेट एरिया , दक्षिण में: साई प्रकाश अपार्टमेंट का फ्लैट नं. 303, पूर्व में : अपार्टमेंट का पास की सेट एरिया, उसके बाद ब्रांच रोड, पश्चिम में: सीढ़ियाँ **** संपत्ति का विवरण मनिता कुमारी के नाम से वर्ष 2012 के डीड नं. 28830 में अधिक विस्तारित रूप से वर्णित है।	मनिता कुमारी	**रु. 2,12,77,982** (रुपये दो करोड़ बारह लाख सतहत्तर हजार नो सौ बयासी मात्र)	21.11.2019	27.11.2023	**रु. 46,75,000.00** (रुपये छियालीस लाख पचहत्तर हजार मात्र)	रु. 25,000/-	**रु. 4,67,500.00** (रुपये चार लाख सड़सठ हजार पाच शो मात्र)	**12.11.2024** को प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 12:00 बजे तक (पूर्व नियुक्ति के अनुसार)

खाता नं. : 055505010221, लाभार्थी का नामः ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट, बैंक : आईसीआईसीआई बैंक, शाखाः बांद्रा (ई) मुंबई, आईएफएससी कोडः आईसीआईसी0000555

भागीदारी के बोली पत्र/केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी के साक्ष्य जमा करने की अंतिम तारीख 19.11.2024 शाम 6:00बजे तक

ई-नीलामी की तिथि और समयः 21.11.2024 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

नीलामी के नियम एवं शर्तेः बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रत्याभूत ऋणदाता (ओएआरपीएल) की वेबसाइट पर लिंक यानी **http://omkaraarc.com/auction.php** अथवा सेवा प्रदाता की वेबसाइटः **http://www.bankeauction.com** देखें

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित नियम 9(1) के अधीन बिक्री के लिए संविधिक सूचना

यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित 9(1) तथा प्रतिभूतिकरण तथा वित्तीय सम्पत्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अधीन उपरोक्त ऋण खाते के कर्जदारों के लिए न्यूनतम 30 (तीस) दिनों की अनिवार्य सूचना है, जिसमें ऊपरोक्त उल्लेखित तारीख एवं समय को ई-नीलामी के जरिए नीलामी/बिक्री आयोजित करने की जानकारी दी जा रही है।

तारीखः 30.10.2024
स्थानः पटना, बिहार

हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्रा. लि.
(ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्यरत),